# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 12/11/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** हर्षा ने गणित, भौतिकी और रसायनविज्ञान में क्रमशः 72, 63 और 81 अंक (100 में से) प्राप्त किए। उसके अंकों का औसत कितना है?

**Ans** A). 63 B). 84 C). 72 D). 81

**Correct Answer: C**

**Q.2** एक कक्षा टेस्ट में 30 विद्यार्थियों (केवल लड़के और लड़कियों) के औसत अंक 16.2 थे और उसी टेस्ट में 18 लड़कों के औसत अंक 16 थे। उस टेस्ट में लड़कियों के औसत अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 16.7 B). 16.1 C). 16.5 D). 16.3

**Correct Answer: C**

**Q.3** एक बेलनाकार खंभे की ऊँचाई 20 m है। इसके आधार का व्यास 350 cm है। 40/ $m^2$ की दर से खंभे के वक्र पृष्ठ को पेंट करने की लागत कितनी होगी? $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

**Ans** A). ₹8,800 B). ₹8,400 C). ₹8,600 D). ₹8,000

**Correct Answer: A**

**Q.4** 120 km/h की चाल से चल रहा एक पुलिसकर्मी अपने से 5000 m दूर और 100 km/h की चाल से चल रहे एक चोर का पीछा करता है। चोर को पकड़ने में पुलिसकर्मी को कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 13.5 मिनट B). 20 मिनट C). 15 मिनट D). 10 मिनट

**Correct Answer: C**

**Q.5** दो रेलगाड़ियां एक ही समय पर दो स्टेशनों से चलना शुरू करती हैं और क्रमशः 120 km/hr और 80 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर बढ़ती हैं। जब वे मिलती हैं, तो ज्ञात होता है कि एक रेलगाड़ी, दूसरी रेलगाड़ी से 60 km अधिक चल चुकी है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी (km में) कितनी है?

**Ans** A). 268 B). 387 C). 300 D). 452

**Correct Answer: C**

**Q.6** 6 वर्षों के लिए 6% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1260 B). 1200 C). 1220 D). 1300

**Correct Answer: A**

**Q.7** एक शोरूम में एक मोबाइल फोन का अंकित मूल्य ₹25,000 है और इसे 20%, 15% और 10% की क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। इसका विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹15,300 B). ₹14,960 C). ₹14,000 D). ₹15,000

**Correct Answer: A**

**Q.8** 3 वर्षों के लिए 3% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 165 B). 265 C). 185 D). 225

**Correct Answer: D**

**Q.9** एक लंब वृत्तीय शंकु के आधार की त्रिज्या 28 cm है और इसकी तिर्यक ऊंचाई 13 cm है। इसका पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ का प्रयोग कीजिए $\left.\right)$

**Ans** A). $1140\ cm^2$ B). $1044\ cm^2$ C). $1144\ cm^2$ D). $1122\ cm^2$

**Correct Answer: C**

**Q.10** म.स. (HCF) की गुणनखंड विधि का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित में से 160 और 256 का म.स. (HCF) क्या होगा?

**Ans** A). 40 B). 16 C). 32 D). 64

**Correct Answer: C**

**Q.11** दी गई तालिका चार अलग-अलग महीनों में चार अलग-अलग बेकरियों द्वारा बेची गई पेस्ट्री की संख्या को दर्शाती है।

| महीना / बेकरी | अप्रैल | मई | जून | जुलाई |
|---|---|---|---|---|
| X | 640 | 665 | 962 | 748 |
| Y | 584 | 782 | 456 | 698 |
| Z | 612 | 498 | 729 | 621 |
| T | 771 | 630 | 568 | 777 |

जून में बेकरी X और T द्वारा बेची गई पेस्ट्री की कुल संख्या तथा अप्रैल में बेकरी Y और Z द्वारा बेची गई पेस्ट्री की कुल संख्या के बीच अंतर कितना है?

**Ans** A). 314 B). 334 C). 354 D). 374

**Correct Answer: B**

**Q.12** एक कंपनी के 5 अधिकारियों सहित सभी 50 कर्मचारियों का औसत वेतन ₹855 है। यदि अधिकारियों का औसत वेतन ₹2,550 है, तो कंपनी के शेष कर्मचारियों का औसत वेतन ज्ञात कीजिए।
(निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans** A). ₹657 B). ₹667 C). ₹677 D). ₹637

**Correct Answer: B**

**Q.13** मिहिर एक खिलौना ₹70 में खरीदता है और उसे ₹90 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत क्या है?

**Ans** A). 20% B). 35.62% C). 25.25% D). 28.57%

**Correct Answer: D**

**Q.14** एक लंबवृत्तीय बेलन के वक्र-पृष्ठ की ₹1.50 प्रति $cm^2$ की दर से रंगाई की जानी है। यदि वृत्तीय आधार की त्रिज्या 21 cm और ऊँचाई 10 cm है, तो रंगाई की लागत (₹ में) कितनी होगी? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 1960 B). 1980 C). 2000 D). 1940

**Correct Answer: B**


**Q.15** एक अस्पताल में, 60% मरीज़ पुरुष हैं, 25% मरीज़ महिलाएँ हैं, और 15% मरीज़ बच्चे हैं। यदि पुरुषों की औसत आयु 40 वर्ष है, महिलाओं की औसत आयु 36 वर्ष है, और बच्चों की औसत आयु 8 वर्ष है, तो सभी मरीज़ों की औसत आयु ज्ञात करें।

**Ans** A). 24.3 वर्ष B). 34.2 वर्ष C). 23.4 वर्ष D). 32.4 वर्ष

**Correct Answer: B**

**Q.16** दिए गए बार ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नीचे दिया गया बार ग्राफ वर्ष 2015 से 2018 तक 3 अलग-अलग कंपनियों X, Y और Z द्वारा कागज के उत्पादन (लाख टन में) का डेटा दर्शाता है।




किस वर्ष में कंपनी Y के उत्पादन और कंपनी Z के उत्पादन का प्रतिशत अधिकतम था?

**Ans** A). 2017 B). 2018 C). 2016 D). 2015

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** साधारण ब्याज पर एक धनराशि तीन वर्षों में ₹2,500 और पांच वर्षों में ₹3,000 हो जाती है। ब्याज दर कितनी है (दो दशमलव स्थान तक सही)?

**Ans** A). 14.25% B). 13.56% C). 14.29% D). 15%

**Correct Answer: C**

---

**Q.18** $(6-2\sqrt{2})$ और $(9+3\sqrt{2})$ के बीच माध्यानुपाती क्या है?

**Ans** A). $\sqrt{66}$ B). $\sqrt{54}$ C). $\sqrt{52}$ D). $\sqrt{42}$

**Correct Answer: D**

---

**Q.19** एक चुनाव में गीता और श्यामा केवल दो प्रत्याशी थीं। गीता को कुल मतों का 15% प्राप्त हुआ तथा श्यामा को 8700 मत प्राप्त हुए। 60% मतदाताओं ने दोनों प्रत्याशियों में से किसी को भी मत नहीं दिया। यह मानते हुए कि डाले गए सभी मत वैध थे, श्यामा को प्राप्त मतों का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25% B). 23% C). 22% D). 24%

**Correct Answer: A**

---

**Q.20** एक स्पीकर का अंकित मूल्य ₹520 है और दुकानदार 10% की छूट प्रदान करता है और फिर भी उसे 17% का लाभ होता है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात करें।


**Ans** A). 27% B). 30% C). 20% D). 25%

**Correct Answer: B**

---

Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


**Q.1** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।





**Ans** A).  B).  C).  D). 


**Correct Answer: B**


**Q.2** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा और दी गई आकृति शृंखला को पूरा करेगा।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.3** एक कूट भाषा में, 'KITE' को 'PRGV' के रूप में लिखा जाता है और 'MARBLE' को 'NZIYOV' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'DOLPHIN' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

**Ans** A). WLOKSRM B). WMOKSRM C). XMOKSRM D). XLOKSRM

**Correct Answer: A**

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'gre pul sep' का अर्थ 'eat the sofa' है; 'pul pra sem' का अर्थ 'clear my sofa' है और 'gre boi nad' का अर्थ 'the great river' है। उसी कूट भाषा में 'the' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). pul B). gre C). nad D). sep

**Correct Answer: B**

**Q.5** किसी कूट भाषा में, 'VGAL' को 'BEGJ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'XQEB' को 'DOKZ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'HTSO' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). MSZK B). MRZL C). NRYM D). NQYL

**Correct Answer: C**

**Q.6** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।


(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(18, 108, 12)
(33, 198, 22)


**Ans** A). (42, 252, 26) B). (40, 252, 28) C). (42, 252, 28) D). (42, 254, 28)

**Correct Answer: C**

Q.7 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और दी गई शृंखला को पूरा कर सकती है।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

Q.8 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 11, 78 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 6, 43 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 218 B). 159 C). 145 D). 249

**Correct Answer: A**

Q.9 दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 16 27 39 52 ?

**Ans** A). 67 B). 66 C). 65 D). 64

**Correct Answer: B**

Q.10 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई सूरजमुखी, लिली नहीं है।
कोई लिली, गुलाब नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई सूरजमुखी, गुलाब नहीं है।
(II) कोई गुलाब, लिली नहीं है।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है B). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
D). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है


**Correct Answer: A**


Q.11 BZ7, GE15 से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, PN13, US21 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए IG12 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). PM20 B). NL21 C). NL20 D). PN21


**Correct Answer: C**


Q.12 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।



Ans A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

Q.13 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 + 8 – 24 × 6 ÷ 3 = ?

Ans A). 15 B). 11 C). 8 D). 16

**Correct Answer: B**

Q.14 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TCU, UFP ,VIK, WLF ,?

Ans A). XPA B). XOB C). XOC D). XOA

**Correct Answer: D**

Q.15 एक लॉ फर्म के सात अधिकारी (P, Q, R, S, T, U और V) एक बैठक के लिए एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, सभी केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।

- U और S दोनों का निकटतम पड़ोसी P है।
- Q, S के ठीक दाएँ बैठा है, और T के निकटतम पड़ोसियों में से एक है।
- V, T के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।

U के बाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). V B). T C). R D). Q

**Correct Answer: C**

Q.16 TW21 किसी निश्चित तरीके से ZC66 से संबंधित है। UX33 उसी तरीके से AD78 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, MP45 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). SV80 B). SV90 C). VS80 D). VS90

**Correct Answer: B**

Q.17 E, F, G, H, P, S और T एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। F, T के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। P, S के ठीक बाएं बैठा है। P के बाएं से गिनती करने पर P और G के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। H, E के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। H के दाएं से गिनती करने पर H और P के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). एक भी नहीं

**Correct Answer: D**

Q.18 एक निश्चित कूट भाषा में, 'let us go' को 'ck ru tb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'please go away' को 'tb mg du' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस कूट भाषा में 'go' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans A). mg B). tb C). ru D). du

**Correct Answer: B**

**Q.19** यदि '–' और ' + ' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
15 − 4 + 9 × 3 ÷ 6 = ?

**Ans** A). 1 B). 12 C). 10 D). 18

**Correct Answer: A**

**Q.20** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी स्कूल, कॉलेज हैं।
कोई कॉलेज, यूनिवर्सिटी नहीं है।
निष्कर्ष:
(I): कोई स्कूल, यूनिवर्सिटी नहीं है।
(II): सभी कॉलेज, स्कूल हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: B**

## Section : General Awareness

**Q.1** भरतनाट्यम नृत्यांगना ________ को 2023 में चेन्नई में श्री पार्थसारथी स्वामी सभा से नाट्य कला सारथी पुरस्कार मिला।

**Ans** A). श्रीदेवी उन्नी (Sreedevi Unni) B). विद्या सुब्रमण्यन (Vidhya Subramanian) C). हेमा राजगोपालन (Hema Rajagopalan) D). श्रेकला भरत (Srekala Bharath)

**Correct Answer: D**

**Q.2** मध्य प्रदेश आदिवासी लोक कला अकादमी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उत्सव, लोकरंग, हर साल ________________ से शुरू होता है।

**Ans** A). 24 जुलाई B). 26 जनवरी C). 26 सितंबर D). 22 मार्च

**Correct Answer: B**

**Q.3** ओज़ोन परत के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

कथन A: यह समताप मंडल में पाई जाती है।
कथन B: क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) ओज़ोन छिद्र के लिए जिम्मेदार हैं।
कथन C: ओज़ोन परत पृथ्वी की सतह से लगभग 15-30 km ऊपर पाई जाती है।
कथन D: अनुमान है कि ओज़ोन परत अब और ठीक नहीं होगी।

**Ans** A). केवल कथन A, B और C B). केवल कथन A और D C). केवल कथन A और B D). केवल कथन B, C और D

**Correct Answer: A**

**Q.4** भारत का अंतिम मुगल सम्राट कौन-था?

**Ans** A). अकबर द्वितीय B). शाहजहाँ C). बहादुर शाह द्वितीय D). औरंगजेब

**Correct Answer: C**

**Q.5** खेलों में आमतौर पर 'ऐस (ace)' शब्द का संबंध किससे है?

**Ans** A). एथलेटिक्स में ऊंची कूद की एक तकनीक B). टेनिस में एक तेज़ सर्व C). फुटबॉल में गोल स्कोर करना D). गोल्फ में एक सटीक शॉट

**Correct Answer: B**

**Q.6** अशोक के कितने स्तंभ शिलालेख या प्रमुख स्तंभ शिलालेख (PE) पाए जाते हैं?

**Ans** A). नौ B). सात C). दो D). चौदह

**Correct Answer: B**

**Q.7** त्रिक आबंध वाली चार-कार्बन श्रृंखला को ________ कहा जाता है।

**Ans** A). ब्यूटीन (butene) B). ब्यूटनॉल (butanol) C). ब्यूटाइन (butyne) D). ब्यूटेनल (butanal)

**Correct Answer: C**

**Q.8** पद्मा सुब्रह्मण्यम किस नृत्य शैली से जुड़ी हैं?

**Ans** A). कथक B). भरतनाट्यम C). छऊ D). मणिपुरी

**Correct Answer: B**

**Q.9** पृथ्वी के ज्वालामुखियों में निम्नलिखित में से किस प्रकार का ज्वालामुखी विस्फोट सबसे अधिक विस्फोटक होता है?

**Ans** A). काल्डेरा (Caldera) B). बाढ़ बेसाल्ट प्रांत (Flood basalt provinces) C). डाइक (Dykes) D). लैपोलिथ (Lapolith)

**Correct Answer: A**

**Q.10** भारत में पहली सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (Socio Economic and Caste Census - SECC) किस वर्ष आयोजित की गई थी?

**Ans** A). 1901 B). 2011 C). 1911 D). 2001

**Correct Answer: B**

**Q.11** काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Kakrapar Atomic Power Plant) किस राज्य में स्थित है?

Ans A). महाराष्ट्र B). गुजरात C). राजस्थान D). तमिलनाडु

Correct Answer: B

**Q.12** __________ में नीरज चोपड़ा, भाला फ़ेंक (javelin throw) में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए।

Ans A). एशियन गेम्स, 2018 B). एशियन गेम्स, 2014 C). एशियन गेम्स, 2022 D). एशियन गेम्स, 2010

Correct Answer: A

**Q.13** मेरे क्षेत्र में स्थापित एक फैक्ट्री बड़े पैमाने पर वनों की कटाई का कारण बन रही है। हम निकट भविष्य में निम्नलिखित में से क्या देखने की उम्मीद कर सकते हैं?

A) भूजल का कम होना
B) कम तापमान
C) बार-बार बारिश होना
D) नए जानवरों का आगमन

Ans A). B B). A C). C D). D

Correct Answer: B

**Q.14** कांग्रेस के निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में पार्टी ने 26 जनवरी को 'पूर्ण स्वराज दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया था?

Ans A). लाहौर 1929 B). मद्रास 1927 C). कराची 1931 D). दिल्ली 1923

Correct Answer: A

**Q.15** कर्नाटक में मुख्य रूप से बादामी और ऐहोल में चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफाएँ ______ के संरक्षण में बनाई गई थीं।

Ans A). चालुक्य B). गुप्त C). चोल D). मौर्य

Correct Answer: A

**Q.16** शोवना नारायण और गीतिका काल्हा द्वारा रचित पुस्तक कौन-सी है?

Ans A). डांसिंग इन द फैमिली (Dancing in the Family) B). इंडियन माइथोलॉजी थ्रू क्लासिकल डांस (Indian Mythology through Classical Dance) C). कल्चरल रिदम्स इन इमोशंस (Cultural Rhythms in Emotions) D). डांस जेस्चर्स: मिरर ऑफ एक्सप्रेशंस (Dance Gestures: Mirror of Expressions)

Correct Answer: B

**Q.17** 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया (A History of British India)' पुस्तक किसने लिखी?

Ans A). रेनली (Renley) B). जेम्स मिल (James Mill) C). बेंथम (Bentham) D). ग्रेनविले ऑस्टिन (Grenville Austin)

Correct Answer: B

**Q.18** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को उसकी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमा के भीतर बेरोजगारी, वृद्धावस्था, बीमारी और विकलांगता के मामले में अपने नागरिकों को सार्वजनिक सहायता प्रदान करने का निर्देश देता है?

Ans A). अनुच्छेद 41 B). अनुच्छेद 32 C). अनुच्छेद 12 D). अनुच्छेद 20

Correct Answer: A

**Q.19** एक प्रसिद्ध संगठन स्व-नियोजित महिला संघ (Self-Employed Women's Association - SEWA) निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

Ans A). मध्य प्रदेश B). उत्तर प्रदेश C). हरियाणा D). गुजरात

Correct Answer: D

**Q.20** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुसार, प्रत्येक _________ के लिए वित्त आयोग नियुक्त किया जाना आवश्यक है।

Ans A). तीन वर्ष B). पाँच वर्ष C). एक वर्ष D). दो वर्ष

Correct Answer: B

**Q.21** भारत में, ओक (Oak) और चेस्टनट (chestnut) के पेड़ किस प्रकार के वन में पाए जाते हैं?

Ans A). मैंग्रोव वन B). पर्वतीय वन C). उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन D). कंटक वन

Correct Answer: B

**Q.22** पद्म भूषण 2023 से सम्मानित वाणी जयराम किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans A). तमिलनाडु B). गुजरात C). मध्य प्रदेश D). महाराष्ट्र

Correct Answer: A

**Q.23** 2023 में, भारत सरकार ने एमएसएमई, बड़े व्यवसायों और धर्मार्थ ट्रस्टों द्वारा दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से ऑनलाइन संग्रहीत करने और साझा करने के लिए एक __________ डिजीलॉकर (DigiLocker) की स्थापना की है।

Ans A). मैक्रो (Macro) B). कंपनी (Company) C). बांड (Bond) D). एंटिटी (Entity)

Correct Answer: D

**Q.24** मई 2023 में, किसने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली?

Ans A). राम मनोहर सिंह B). दयाल यादव C). प्रवीण कुमार श्रीवास्तव D). सैमुअल जोसेफ

Correct Answer: C

**Q.25** संविधान के अंगीकरण के समय, इसमें 395 अनुच्छेद और ________ अनुसूचियाँ थी।

Ans A). 8 B). 9 C). 11 D). 7

Correct Answer: A

Section : **English Language and Comprehension**

**Q.1** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**The teacher asked the students to remain ____, but the noise continued to ____. She finally had to raise her voice to gain control.**

**Ans** A). calm; escalate B). still; elevate C). quit; rise D). silent; ascend

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The team captain inquired of his teammates _________ they preferred to choose batting as their initial option.**

**Ans** A). wither B). weather C). whether D). whither

**Correct Answer: C**

**Q.3** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Pankaj is a <u>better</u> cook.**

**Ans** A). good B). goodest C). more good D). best

**Correct Answer: A**

**Q.4** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Hire**

**Ans** A). Engross B). Endure C). Engage D). Enhance

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.**

**The teacher's encouragment motivated the students to excel in their studies.**

**Ans** A). Encouragment B). Motivated C). Teacher's D). Excel

**Correct Answer: A**

**Q.6** **Read the following sentence and select its future tense form from the options given below:**
**Rachel and Rahul joined forces on a project and successfully completed it within a month.**

**Ans** A). Rachel and Rahul should join forces on a project and successfully complete it within a month.
B). Rachel and Rahul have joined forces on a project and successfully completed it within a month.
C). Rachel and Rahul will join forces on a project and successfully complete it within a month.
D). Rachel and Rahul are joining forces on a project and successfully completing it within a month.

**Correct Answer: C**

**Q.7** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Their chance of winning is <u>slimmest</u>.**

**Ans** A). slimmer B). slimly C). slim D). most slim

**Correct Answer: C**

**Q.8** **Select the grammatically correct sentence from the given options.**

**Ans** A). She was not allowed to enter the hotel as her clothes was dirtier. B). She was not allowed to enter the hotel as her clothes were dirtier.
C). She was not allowed to enter the hotel as her clothes were dirty. D). She was not allow to enter the hotel as her clothes were dirty.

**Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the most appropriate idiom that can substitute the highlighted text in the given sentence.**

**The minister was in partnership with the queen in poisoning the King.**

**Ans** A). in cahoots B). at one's beck and call C). run amok D). in the blues

**Correct Answer: A**

**Q.10** **Choose the correctly spelt word to fill in the blank meaningfully.**
**The citizens of Iraq wanted _______________ after years of war.**

**Ans** A). peice B). pease C). peace D). piece

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**You need to rest the ________ before baking the bread.**

**Ans** A). lard B). dough C). paste D). doe

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Inferior**

**Ans** A). Substandard B). Superior C). Beautiful D). Mediocre

**Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate meaning of the underlined word.**
**The Prime Minister will address the nation tomorrow.**

**Ans** A). To deliver a speech B). To greet people C). A postal code for sending letters D). A landmark

**Correct Answer: A**

**Q.14** **Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). The secondary section of a school is located at an end of the street.
B). The secondary section of a school is located at the end of a street.
C). The secondary section of the school is located at the end of the street.
D). A secondary section of the school is located at an end of the street.

**Correct Answer: C**

**Q.15** **Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.**

**Is he ready to risk his acredation for the greater good?**

**Ans** A). acreditation B). accreditation C). accraditation D). accredation

**Correct Answer: B**

**Q.16** **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Shirin came off with a brilliant idea to solve the problem.**

**Ans** A). came up in a brilliant idea B). came off on a brilliant idea C). came up with a brilliant idea D). came off to a brilliant idea

**Correct Answer: C**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The professor's __________ lecture was filled with complex concepts.**

**Ans** A). lucyd B). lucide C). lucied D). lucid

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate meaning of the idiom from the options given below.**
**To accept the gauntlet**

**Ans** A). To suffer a great insult B). To suffer financial loss C). To accept a challenge D). To accept failure

**Correct Answer: C**

**Q.19** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**I still / do not understand / why he did not / reply my email.**

**Ans** A). reply my email B). why he did not C). do not understand D). I still

**Correct Answer: A**

**Q.20** **In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**Martin Luther King Jr. started a crusade for discrimination ________ African Americans. He relied on peaceful demonstrations and demonstrators. His most famous march was a powerful rally of about 250,000 people in Washington in 1963, where he ________ one of the most famous speeches in history.**

**Ans** A). opposed; dropped B). versus; brought C). counter; dispatched D). against; delivered

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Employers, nowadays, are (1)_______ on team-building as it proves to be useful in being more productive. So, they create occasions for the employees to spend time together. Some employees are sick (2) ________ office festival parties with mandatory dress codes and fun competitions. Some others (3)____ of having to forcibly bond with colleagues during after-work happy hours when they would rather be at home. A French court (4)____ recently that one very much has the right to be boring at the workplace. Seven years after Mr. T was fired from his company for not participating in fun activities, which included going out for drinks after work once a week, the court said that Mr. T was merely exercising his 'freedom of expression'. It added that the company's culture of fun (5)________ Mr. T 's fundamental right to 'dignity and respect of private life'. However, employers and HR personnel insist that team-bonding initiatives are crucial to the workplace and the employees too feel the same if they want promotions.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). focus B). has focused C). focusing D). focuses

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Employers, nowadays, are (1)_______ on team-building as it proves to be useful in being more productive. So, they create occasions for the employees to spend time together. Some employees are sick (2) ________ office festival parties with mandatory dress codes and fun competitions. Some others (3)____ of having to forcibly bond with colleagues during after-work happy hours when they would rather be at home. A French court (4)____ recently that one very much has the right to be boring at the workplace. Seven years after Mr. T was fired from his company for not participating in fun activities, which included going out for drinks after work once a week, the court said that Mr. T was merely exercising his 'freedom of expression'. It added that the company's culture of fun (5)________ Mr. T 's fundamental right to 'dignity and respect of private life'. However, employers and HR personnel insist that team-bonding initiatives are crucial to the workplace and the employees too feel the same if they want promotions.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). for B). from C). of D). with

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Employers, nowadays, are (1)_______ on team-building as it proves to be useful in being more productive. So, they create occasions for the employees to spend time together. Some employees are sick (2) ________ office festival parties with mandatory dress codes and fun competitions. Some others (3)____ of having to forcibly bond with colleagues during after-work happy hours when they would rather be at home. A French court (4)____ recently that one very much has the right to be boring at the workplace. Seven years after Mr. T was fired from his company for not participating in fun activities, which included going out for drinks after work once a week, the court said that Mr. T was merely exercising his 'freedom of expression'. It added that the company's culture of fun (5)________ Mr. T 's fundamental right to 'dignity and respect of private life'. However, employers and HR personnel insist that team-bonding initiatives are crucial to the workplace and the employees too feel the same if they want promotions.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). has tired B). are tired C). have tired D). tired

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Employers, nowadays, are (1)_______ on team-building as it proves to be useful in being more productive. So, they create occasions for the employees to spend time together. Some employees are sick (2) ________ office festival parties with mandatory dress codes and fun competitions. Some others (3)____ of having to forcibly bond with colleagues during after-work happy hours when they would rather be at home. A French court (4)____ recently that one very much has the right to be boring at the workplace. Seven years after Mr. T was fired from his company for not participating in fun activities, which included going out for drinks after work once a week, the court said that Mr. T was merely exercising his 'freedom of expression'. It added that the company's culture of fun (5)________ Mr. T 's fundamental right to 'dignity and respect of private life'. However, employers and HR personnel insist that team-bonding initiatives are crucial to the workplace and the employees too feel the same if they want promotions.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). is ruled B). has ruled C). have ruled D). was ruled

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Employers, nowadays, are (1)_______ on team-building as it proves to be useful in being more productive. So, they create occasions for the employees to spend time together. Some employees are sick (2) ________ office festival parties with mandatory dress codes and fun competitions. Some others (3)____ of having to forcibly bond with colleagues during after-work happy hours when they would rather be at home. A French court (4)____ recently that one very much has the right to be boring at the workplace. Seven years after Mr. T was fired from his company for not participating in fun activities, which included going out for drinks after work once a week, the court said that Mr. T was merely exercising his 'freedom of expression'. It added that the company's culture of fun (5)________ Mr. T 's fundamental right to 'dignity and respect of private life'. However, employers and HR personnel insist that team-bonding initiatives are crucial to the workplace and the employees too feel the same if they want promotions.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). violate B). is violated C). will violate D). violated

**Correct Answer: D**